दिन– रविवार | दिनांक– 18 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। | अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भाजपा पर देश का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

02. विकास योजनाओं की निगरानी के लिए मंत्रियों को सौंपा गया जिलों का प्रभार। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना, विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर और भोजपुर की जिम्मेदारी मिली।

03. नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले की जांच हुई तेज। एसआईटी ने पटना में हॉस्टल के कमरे को किया सील। डॉक्टरों से भी की पूछताछ।

04. और, बेगूसराय ने इक्यावनवीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीता। फाइनल में पटना को पराजित किया।

---

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा है कि भाजपा देश में सबकी पहली पसंद बन गयी है। असम के नागांव में जनसभा को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षों में भाजपा पर देश का विश्वास लगातार बढ़ा है। प्रधानमंत्री ने कहा कि हाल में बिहार चुनाव और महाराष्ट्र निगम चुनाव में रिकॉर्ड जनादेश इसका संकेत है।

–––बाइट–––

श्री मोदी ने कांग्रेस पार्टी पर घूसपैठियों की मदद करने का भी आरोप लगाया।

–––बाइट–––

कांग्रेस से आपको बहुत सावधान रहना है। कांग्रेस की एक ही रीति है घुसपैठियों की मदद से सत्ता पाओ। बिहार में भी इन्होंने घुसपैठियों को बचाने के लिए रैलियां निकाली लेकिन बिहार की जनता ने कांग्रेस का सुपड़ा साफ कर दिया।

---

केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने कहा है कि लघु उद्यमों के विकास से ही देश की विकास की राह आसान होगी। श्री मांझी ने आज नई दिल्ली में पीएम–विश्वकर्मा हाट का उद्‌घाटन करते हुए यह बात कही। उन्होंने कारीगरों, शिल्पकारों और अन्य प्रदर्शकों से संवाद भी किया। श्री मांझी ने कहा कि पीएम– विश्वकर्मा योजना के माध्यम से देश में बेरोजगारी दूर करने में बड़ी सहायता मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकसित भारत का सपना भी इसी से सच होगा।

———बाइट———

पीएम विश्वकर्मा हमारे प्रधानमंत्री जी का रीजन का योजना है। इसके माध्यम से हम भारत में जो बेरोजगारी की समस्याएं हैं उसको दूर कर सकेंगे। इसी के माध्यम से हम जो आज बढ़ता प्रदूषण है उसको दूर करेंगे। इसी के माध्यम से अपना पुराना गलोरी जो सोने का चिड़िया भारत कहलाता था उसको प्राप्त कर सकेंगे और 2047 का प्रसिद्ध भारत का सपना पूरा कर सकेंगे।

———————————————

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समृद्धि यात्रा के दौरान कल गोपालगंज और शिवहर जिले का दौरा करेंगे। श्री कुमार बरौली प्रखंड में आयोजित कार्यक्रम में एक सौ चौंतीस करोड़ रुपये की योजनाओं का लोकापर्ण करेंगे, जबकि एक सौ छियासी करोड़ रुपये की योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। जिलाधिकारी पवन सिन्हा ने बताया कि मुख्यमंत्री बरौली हाई स्कूल मैदान में एक जनसभा को संबोधित करेंगे।

———बाइट———

हमारे शिवहर संवाददाता ने बताया है कि मुख्यमंत्री शिवहर में बयालीस करोड़ रुपये की लागत से पचहत्तर योजनाओं का उद्‌घाटन करेंगे। वहीं, सत्रह करोड़ रुपये की लागत वाली अट्‌ठाईस योजनाओं का शिलान्यास करेंगे। इसके साथ ही जिले में चलायी जा रही विभिन्न विकासात्मक और कल्याणकारी योजनाओं की समीक्षा भी करेंगे।

———————————————

राज्य सरकार ने प्रदेश में विकास की रफ्तार बढ़ाने और योजनाओं के प्रभावी कार्यान्वयन तथा निगरानी के लिए मंत्रियों को जिलों का प्रभार सौंप दिया है। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना जिला, जबकि उप मुख्मयंत्री विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर और भोजपुर जिले का प्रभारी मंत्री बनाया गया है। मंत्रिमंडल सचिवालय विभाग की अधिसूचना के अनुसार विजय कुमार चौधरी को पूर्वी चंपारण और नालंदा, बिजेन्द्र प्रसाद यादव को वैशाली और सारण, श्रमण कुमार को समस्तीपुर और पूर्णिया, मंगल पांडेय को दरभंगा और पश्चिमी चंपारण तथा अशोक चौधरी को सीतामढ़ी, शिवहर और जहानाबाद जिले का प्रभार दिया गया है। इधर, लेशी सिंह को मधेपुरा और मधुबनी, रामकृपाल यादव को कैमूर, जमा खान को किशनगंज और शेखपुरा, श्रेयसी सिंह को नवादा, प्रमोद कुमार को सहरसा तथा सीवान और दीपक प्रकाश को अरवल की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

———————————————

पटना के चित्रगुप्त नगर में एक छात्रा की संदिग्ध मौत मामले की जांच के लिए गठित एसआईटी ने जांच आगे बढ़ाते हुए आज घटनास्थल का जायजा लिया। टीम ने गर्ल्स हॉस्टल के उस कमरे को सील कर दिया है, जिसमें छात्रा रहती थी। एसआईटी की टीम ने राजेन्द्र नगर स्थित निजी अस्पताल में युवती का इलाज करने वाले डॉक्टरों से भी पूछताछ की। एसआईटी को लीड कर रहे पटना केन्द्रीय प्रक्षेत्र के पुलिस महानिरीक्षक जितेन्द्र राणा ने कहा है कि मामले के हर पहलू की गहनता से जांच की जा रही है और शीघ्रहि मामले का खुलासा किया जाएगा।

---

उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि इस मामले में उच्च स्तरीय टीम जांच कर रही है। श्री चौधरी ने पटना में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहा कि अपराधी कोई भी हो कार्रवाई की जाएगी।

——बाइट——

---

नीट छात्रा की संदिग्ध मौत को लेकर राजनीतिक दलों ने कड़ी प्रतिक्रिया दी है। विपक्षी दलों ने कानून व्यवस्था की स्थिति को लेकर राज्य सरकार पर सवाल खड़े किये हैं। राजद नेता और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव ने सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि इस घटना ने महिलाओं की सुरक्षा को लेकर सरकारी दावों की पोल खोल दी है। वहीं, पूर्णिया से निर्दलीय सांसद पप्पू यादव ने इस पूरे मामले की सीबीआई जांच की मांग की है। इधर, उद्योग मंत्री दिलीप जायसवाल ने सरकार का बचाव करते हुए कहा है कि विपक्षली दल इस संवेदनशील मुद्दे पर भी गैर जिम्मेदाराना बयान दे रहे हैं। श्री जायसवाल ने पटना में पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि इस मामले में कानून अपना काम कर रहा है और जांच के बाद सब कुछ साफ हो जाएगा।

——बाइट——

---

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के निर्देश पर सभी जिलों में कल से जन सुनवाई कार्यक्रम की शुरूआत की जायेगी। सात निश्चय तीन के तहत सबका सम्मान जीवन

आसान लक्ष्य को लेकर हरेक सोमवार और शुक्रवार को विभिन्न विभागीय अधिकारी लोगों की समस्याओं को सुनेंगे। विभिन्न जिला प्रशसान ने जन सुनवाई की तैयारी पूरी कर ली है। उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि आम लोगों का जीवन आसान हो इसके लिए प्रयास किये जा रहें हैं।

---बाइट---

---

पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने कहा है कि प्रदेशभर में पंचायत सरकार भवन का निर्माण कराया जा रहा है। इसके माध्यम से पंचायती व्यवस्था को मजबूती मिलेगी। अरवल में संवाददाताओं से बातचीत करते हुए श्री प्रकाश ने कहा कि सभी जिलों में पंचायत और जिला परिषद के रिक्त भूमि पर बाजार विकसित कर स्थानीय लोगों को रोजगार उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को जिले में लंबित योजनाओं को जल्द पूरा करने का भी निर्देश दिया।

---बाइट---

---

हज यात्रा के लिए प्रक्रिया पूरी करने की अंतिम तिथि पच्चीस जनवरी तक बढ़ा दी गई है। केन्द्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्रालय ने स्पष्ट किया है कि इस तिथि के बाद कोई अतिरिक्त समय नहीं दिया जाएगा।

---

प्रदेश में दारोगा के एक हजार सात सौ निन्यानवे पदों पर नियुक्ति को लेकर आज पहले चरण की प्रारंभिक लिखित परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हो गयी। प्रदेशभर में चार सौ अंठानवे केन्द्रों पर दो पालियों में परीक्षा का आयोजन किया गया। बिहार पुलिस अवर सेवा आयोग के अनुसार इक्कीस जनवरी को परीक्षा का दूसरा चरण आयोजित किया जाएगा।

---

शेखपुरा में संपन्न इक्यावनवीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब बेगूसराय ने जीत लिया है। आज खेले गए फाइनल मुकाबले में बेगूसराय ने पटना को पराजित कर दिया। वहीं, गया जिले की टीम तीसरे स्थान पर रही है। जिला कबड्डी संघ के अध्यक्ष राकेश कुमार ने बताया कि विजेता टीम हैदाराबाद में होने वाली

राष्ट्रीय कबड्डी प्रतियोगिता में भाग लेंगी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों के चयन की जिम्मेदारी राष्ट्रीय स्तर की खेल प्रशिक्षक ज्योति मलिक को दी गयी है। इधर, ज्योति मलिक ने कहा है कि बिहार के खिलाड़ियों में काफी प्रतिभा है।

———बाइट———

---

सर्द पछुआ हवा का प्रवाह कम होने और धूप खिलने के कारण प्रदेश के अधिकांश भागों में ठंड में कमी दर्ज की जा रही है। मौसम विभाग की रिपोर्ट के अनुसार अधिकतर स्थानों पर न्यूनतम और अधिकतम तापमान में आंशिक वृद्धि दर्ज की गयी है। हालांकि नालंदा के राजगीर, रोहतास के बिक्रमगंज, भागलपुर के सबौर, शेखपुरा, अरवल, जहानाबाद, सीवान, समस्तीपुर और बक्सर में न्यूनतम तापमान आठ डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। राजगीर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। विभाग ने अपने पूर्वानुमान में कहा है कि अगले तीन दिनों के दौरान अधिकांश भागों के मौसम में कोई खास परिवर्तन नहीं होगा। वहीं, राज्य के उत्तर—पूर्वी, दक्षिण—पश्चिम और दक्षिण—मध्य भागों में कई स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

———बाइट———

---

आज मौनी अमावस्या है। इस अवसर पर पटना के गंगा घाट समेत प्रदेश की विभिन्न नदियों और सरोवरों में लोगों ने पवित्र स्नान कर दान—पुण्य किया। इस दौरान बक्सर के रामरेखा घाट पर श्रद्धालुओं का हुजूम उमड़ पड़ा। बड़ी संख्या में लोगों ने ऐतिहासिक रामरेखा घाट पर आस्था की डुबकी लगाई। मान्यता है कि इस दिन गंगा स्नान करने से पापों का नाश होता है और पुण्य की प्राप्ति होती है। इधर, मुंगेर जिले के सुलतानगंज—देवघर कांवड़िया पथ पर शिव भक्तों का हुजूम दिखा।

---

जैन धर्म के महान संत श्री एक सौ आठ प्रमुख सागरजी महाराज के मुंगेर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर पर भव्य शोभा यात्रा निकाली गयी।

---

पटना मेडिकल कॉलेज अस्पताल के सभागार में डॉक्टर्स एसोसिएशन की ओर से पैगम्बर मुहम्मद साहब के मूल्यों को समर्पित सीरतुन नबी कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पूर्व मुख्य सचिव आमिर सुबहानी समेत अनेक गणमान्य लोगों ने अपने विचार रखें।

---

किशनगंज के जिलाधिकारी विशाल राज और पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार ने राज्य सरकार के सात निश्चय–तीन के तहत सबका सम्मान, जीवन आसान योजना को प्रभावी बनाने के लिए समीक्षा बैठक की।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा – भाजपा पर देश का विश्वास लगातार बढ़ रहा है।

02. विकास योजनाओं की निगरानी के लिए मंत्रियों को सौंपा गया जिलों का प्रभार। उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पटना, विजय कुमार सिन्हा को मुजफ्फरपुर और भोजपुर की जिम्मेदारी मिली।

03. नीट छात्रा की संदिग्ध मौत मामले की जांच हुई तेज। एसआईटी ने पटना में हॉस्टल के कमरे को किया सील। डॉक्टरों से भी की पूछताछ।

04. और, बेगूसराय ने इक्यावनवीं राज्य स्तरीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता का खिताब जीता। फाइनल में पटना को पराजित किया।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।